एक नजर में

सौ वर्षीय धापूबाई मेवाड़े दिवंगत

ब्यावरा 05 अगस्त, का. जूना

ब्यावरा निवासी स्व मांगीलाल मेवाड़े की धर्मपत्नि श्रीमती धापूबाई मेवाड़े का मंगलवार को लगभग सौ वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया .सहज, सरल एवं धार्मिक प्रवृत्ति की श्रीमती धापूबाई मेवाड़े अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है . वह स्व. मोहनलाल मेवाड़े एवं कन्हैयालाल मेवाड़े, गोपाल मेवाड़े की माताजी थी. जूना ब्यावरा स्थित तालाब घाट के यहां मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया. बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की .

विश्व शांति के लिए रखा योग साधना कार्यक्रम

राजगढ़ 05 अगस्त, का. सावन के पावन मास में सर्व दुखी एवं अशांत आत्माओं को सुख शांति का दान देने के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजगढ़ द्वारा शिव वरदान भवन,भंवर कॉलोनी में पूरे जिले की ब्रह्मा कुमारीज से जुड़ी माताओं की विशेष योग तपस्या का कार्यक्रम रखा. कार्यक्रम का उद्घाटन ब्रह्माकुमारीज जिला प्रभारी बीके मधु दीदी, ब्यावरा सेवाकेंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी दीदी,जीरापुर सेवाकेंद्र संचालिका बीके नम्रता दीदी और खिलचीपुर सेवाकेंद्र संचालिका बीके नीलू दीदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया . वर्तमान समय समाज में व्याप्त नकारात्मकता दिन प्रतिदिन ओर बढ़ती जा रही है, मानव मन में ईर्ष्या नफ़रत आदि दुर्भाव के कारण संबंधों में दूरियां बढ़ती जा रही हैं, मन को परमात्मा में लगाकर निर्मल बनाने एवं संबंधों में मधुरता लाने के उद्देश्य से इस योग साधना कार्यक्रम का आयोजन किया गया . जिसमें बीके मधु दीदी द्वारा देह भान से ऊपर उठ आत्मिक स्मृति पक्की कर कर्म और योग में बैलेंस रखने की व भगवान को सच्चा दोस्त बना करके हर एक परिस्थिति में निश्चिंत रह उमंग उत्साह में रहने की विभिन्न विधियां बताई . साथ ही बताया कि हमे हर वक्त संतुष्ट रहना है और हरेक आत्मा के प्रति शुभभावना,शुभकामना रखनी है क्योंकि परमात्मा शिव अभी अवतरित होकर विश्व बंधुत्व का श्रेष्ठ कार्य कर रहे है . तत्पश्चात मित्रता दिवस भी मनाया एवं भगवान को सच्चा मित्र बनाने और उनसे मदद प्राप्त करने के ऊपर सुंदर नाटिका भी प्रस्तुत की गई . विशेष योग तपस्या द्वारा शांति के प्रकंपन पूरे वातावरण में फैलाए . आध्यात्मिक गेम्स द्वारा सभी का उमंग उत्साह बढ़ाया गया .

रेनी डे का आयोजन किया

सुठालिया 05 अगस्त, सं. अग्रवाल एकेडमी में वर्षा ऋतु की अनुपम सुंदरता को समर्पित रेनी डे का आयोजन किया गया . संगीत शिक्षिका नंदिता तिवारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की . प्री-प्राइमरी की शिक्षिका सुश्री शिल्पा सिंह द्वारा मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम का परिचय दिया. शिक्षिका मनीषा शमानी ने बच्चों को वर्षा के सदुपयोग की जानकारी दी, जिससे विद्यार्थियों में जल संरक्षण की जागरूकता उत्पन्न हुई . वही विद्यालय के प्रबंधक आकाश अग्रवाल एवं प्राचार्य राजेंद्र सिंह परिहार ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया . प्री-प्राइमरी शिक्षिका ज्योति राठौर, पूजा शर्मा, लक्ष्मी लोधी,शिवानी सिसोदिया, इकरा बी, खेल शिक्षक सचिन सिसोदिया तथा संतोष सुमन के सहयोग से द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया . बच्चे रंग-बिरंगे रेनकोट पहनकर और छाता लेकर आए थे, जिससे वातावरण और भी सुंदर बन गया . इस मौके पर विद्यालय अध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष दीपक गोयल एवं कोषाध्यक्ष महेश गोयल, एकेडमिक डायरेक्टर आकाश अग्रवाल, सचिव मानिल गोयल, निशिल अग्रवाल, प्रणव गोयल एवं प्राचार्य विशेष रूप से उपस्थित रहे .

ग्रामीणों ने की बेसहारा गौवंश की व्यवस्था

आपसी सहयोग कर ग्रामीणों ने की अनुकरणीय पहल, गौवंश की देखभाल में जुटे ग्रामीण

आपसी सहयोग कर वैकल्पिक गौशाला तैयार की

जनसुनवाई में की चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/राजगढ़ 05 अगस्त. जिले भर में हजारों की संख्या में बेसहारा गौवंश हाईवे, सड़क, चौराहों पर देखा जा सकता है, आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में गौवंश की जान जा रही है तो कई गौवंश गंभीर घायल होकर अपाहिज हो गये है. ऐसे ही बेसहारा गौवंश को संरक्षण देते हुए ग्राम बिसौनिया के ग्रामीणजनों ने गांव में एक वैकल्पिक गौशाला तैयार कर वहां गौवंश को रखा हुआ है किंतु गांव की चरनोई भूमि पर अतिक्रमण होने से गौवंश को चरनोई भूमि का लाभ नहीं मिल पा रहा है, चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग लेकर मंगलवार को ग्रामीणजन मंगलवार राजगढ़ जन सुनवाई में पहुंचे.

जानकारी के अनुसार ग्राम बिसौनिया में स्थित चरनोई भूमि पर अतिक्रमण हो रहा है जिससे गौवंश विचरण नहीं कर पा रहे है. ग्रामीणों ने बेसहारा लगभग 250 गौवंश को वैकल्पिक गौशाला तैयार कर उसमें रखा हुआ है.

आपसी सहयोग किया

ग्रामीणों द्वारा प्रत्येक परिवार से आर्थिक सहयोग कर बिसौनिया-नापानेरा मार्ग पर तालाब के समीप एक वैकल्पिक गौशाला तैयार कर वहां तार फेंसिंग, टीनशेड लगाकर गौवंश को रखा गया है. परन्तु एक समस्या यह आ रही है कि गांव में मौजूद चरनोई भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर रखा है जिससे गौवंश को चरनोई भूमि का लाभ नहीं मिल पा रहा है. चरनोई भूमि का उपयोग गौवंश के लिए हो सके इसको लेकर ग्रामीणों ने राजगढ़ पहुंचकर जनसुनवाई में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा है कि ग्रामीणों ने वैकल्पिक गौशाला तैयार कर उसमें लगभग ढाई सौ गौवंश को रखा है, उनके लिए चारा, पानी आदि की व्यवस्था की है किंतु गांव में मौजूद करीब 300 बीघा शासकीय भूमि चरनोई के लिए है, वन विभाग की भी भूमि यहां है जिस पर गौवंश विचरण कर सकते है किंतु कुछ लोगों द्वारा उक्त भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है.भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है ताकि इस भूमि का उपयोग बेसहारा गौवंश के लिए हो सके. इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

तीन-तीन ग्रामीण की ड्यूटी

गौवंश की देखरेख हेतु बकायदा तीन-तीन ग्रामीणजन की प्रतिदिन बारी-बारी से ड्यूटी लगाई हुई है ताकि गौवंश की समुचित देखरेख हो सके. समय-समय पर गौवंश को चारा, पानी देने के साथ ही उनकी उचित देखभाल की जा रही है . वैकल्पिक गौशाला में गौवंश को रखे जाने से इनके द्वारा खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचाने का भी डर नहीं रहा है .



सब्जी मंडी में पसरी गंदगी

नवभारत न्यूज

जीरापुर 05 अगस्त. नगर के मध्य स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी में संचालित सब्जी मंडी में गंदगी का साम्राज्य पसरा हुआ है. यहा पर रोजना की बात नहीं महिनों तक साफ सफाई नहीं कि जाती है.

सब्जी मंडी के पूर्व और दक्षिण हिस्से तथा पश्चिमी हिस्से में सब्जी मंडी से निकलने वाले सड़े-गले फल एवं सब्जियां डाली जाती है जो गंदगी एवं बदबू से सरोबार होकर नगर की स्वच्छता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है. जानकारी के मुताबिक विगत कई वर्षों से पुरानी कृषि उपज मंडी में प्रात: बड़े रूप में सब्जी मंडी का संचालन हो रहा है. जहां पर बड़ी संख्या में सब्जी एवं फल फ्रुट का क्रय -विक्रय होता है. इसको लेकर कृषि उपज मंडी द्वारा टेक्स भी वसूला जाता है. लेकिन सब्जी मंडी की स्वच्छता पर कृषि उपज मंडी एवं नगर परिषद का कोई ध्यान नहीं है. यहा पर बहरहाल स्थिति यह बनी हुई है. जहां पर कचरा-कूड़ा ,सड़े-गले फल पड़े हैं जिससे वहां पर खड़ा होना भी मुश्किल भरा होता है. दूसरी और अक्सर ध्यान दिया जाए तो स्वच्छता के नाम पर नवीन प्रयास करके साफ सफाई में नगर को नंबर वन बनाया जा सकता है. लेकिन ऐसा किया जाता नहीं है. स्वच्छता मिशन के रूप में गांव कस्बों को नंबर वन बनाने की होड़ मची हुई लेकिन जीरापुर में ऐसा कुछ नहीं है.

मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

बस स्टॉप, चेकपॉइंट, ड्यूटी ऑर्डर एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 05 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी 7 अगस्त को प्रस्तावित दौरे के मद्देनज़र कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बैठकआयोजित की गई. बैठक में सभी संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए.

बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कार्यक्रम से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की. समीक्षा के दौरान उन्हों ने बसों की पार्किंग व्यवस्था, ड्यूटी ऑर्डर जारी करने की स्थिति, पेयजल की उपलब्धता, चेक प्वाइंट तथा नोडल प्वाइंट की स्थिति की जानकारी ली. साथ ही सभी व्यवस्थाओं की गंभीरता से जांच की गई और अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे समय पर सभी तैयारियों को पूर्ण करें. कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभागीय समन्वय एवं अनुशासन अत्यंत आवश्यक है.

महिलाओं ने कलश व कांवड़ यात्रा निकाली

छापीहेड़ा 05 अगस्त, सं. नगर में वार्ड क्रमांक 15 की महिलाओं द्वारा रविवार 10:30 बजे कलश व कावड़ यात्रा निकाली गई महिलाएं पीले वस्त्र पहन कर सज धज कर थाना परिसर स्थित त्रिभुवन नाथ मंदिर पर एकत्रित हुई वहां से पूजा अर्चना कर कलश व कावड़ में जल भरकर बोल बम भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए डीजे, ढोल धमाके के साथ नाचते गाते स्टेट हाईवे संडावता रोड स्थित शनि मंदिर, पंचमुखी मंदिर, शिव मंदिर परिसर शिवालय पहुंची जहां पर अभिषेक कर आरती की तथा प्रसादी वितरण किया गया इस अवसर पर वार्ड की महिलाएं बच्चे शामिल थे.

बीएसएनएल ने लॉन्च किया आजादी का प्लान

1 रुपये में रोजाना मिलेगा 2 जीबी डाटा



नवभारत न्यूज

ब्यावरा 05 अगस्त. दूर संचार के क्षेत्र में निजी कंपनियों से मुकाबला करने बीएसएनएल द्वारा आजादी का प्लान लॉन्च किया गया है. जिसमें मात्र 1 रुपये में सिम मिलेगी. 1 अगस्त से लेकर 31 तारीख तक यह सुविधा रहेगी.

प्लान के तहत पूरे माह के लिए 60 जीबी डाटा अनलिमिटेड कॉल एवं प्रतिदिन सौ एसएमएस मिलेगें. जो भी नई सिम लेगा या फिर एमएनपी करवाएगा उनके लिए यह प्लान रहेगा. उपरोक्त जानकारी पुराना बस स्टेण्ड स्थित बीएसएनएल ऑफिस में प्रेस वार्ता के दौरान विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई. जिसमें बताया गया कि बीएसएनएल ने आम उपभोक्ताओं के लिए आजादी का प्लान लॉन्च किया है इसमें केवल 1 रूपए देकर प्लान का लाभ उठा सकेंगे. इसकी वैधता 30 दिनों तक रहेगी. अधिकारीद्वय ने बताया कि बेहतर सुविधा के लिए विभाग द्वारा कई कार्य योजनाओं को अंजाम दिया गया है. नेटवर्क में भी दिनों दिन सुधार हो रहा है. नवीन टॉवर लगाए है तथा और टॉवर लगना है जिससे आने वाले समय में नेटवर्क संबंधी समस्या दूर होगी तथा उपभोक्ताओं को कहीं बेहतर सुविधा प्राप्त होगी.

महिला मंडल ने किया रूद्राभिषेक

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 05 अगस्त. श्रावण मास की पावन पुत्रदा एकादशी के अवसर पर मंदिर श्री जमात की महिला मंडल क्सदस्यों ने मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ का सामूहिक रूद्राभिषेक कर नगर और देश की सुख-समृद्धि की कामना की.

इस मौके पर भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार भी किया गया. मंदिर के महंत दीपेंद्र दास ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर श्री जमात की महिला मंडल द्वारा हरियाली अमावस्या से श्रावण मास के समापन तक सायं 4 बजे से ठाकुर जी को हिंडोला उत्सव के अंतर्गत रोज़ाना मधुर और भक्ति से भरपूर भजनों की प्रस्तुति दी जाती है. साथ ही नित्य अलग-अलग प्रसादियों का वितरण भी किया जाता है.

यह धार्मिक परंपरा दिवंगत बड़े गुरुदेव के समय से चली आ रही है और आज भी पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जा रही है. इसी क्रम में आज पुत्रदा एकादशी के दिन महिला मंडल की सभी सदस्यों ने भोलेनाथ का रूद्राभिषेक किया.

पालकी यात्रा निकाली

छापीहेड़ा 05 अगस्त, सं. नगर में श्रावण माह में भगवान भोले की भक्ति में तरह-तरह के आयोजन हो रहे हैं श्रावण माह के चौथे सोमवार को भगवान बोले नाथ की पालकी सजाकर निकली गई भोले की आकर्षक झांकी पालकी में सजाकर बड़ा शिवलिंग बनाकर साथ ही चल रहे थे मंडी शिवालय से भगवान भोलेनाथ को पालकी में सजाकर जयकारा लगाते हुए चल रहे थे वही साथ में रनारा जोड़ स्थित मंडी के शिवालय से पालकी प्रारंभ हुई बस स्टैंड तालाब परिसर पाटीदार मोहल्ला कुशवाहा मोहल्ला होते हुए शिवालय पहुंची पालकी के साथ डीजे बैंड की धुन पर महिला पुरुष नाचते गाते जयकारे लगाते चल रहे थे साथ ही भजन मंडली भोले के भजनों पर कीर्तन कर रही थी रास्ते में सुरक्षा के लिए पुलिस बल साथ चल रहे थे जगह-जगह भगवान की पूजा अर्चना आरती की गई.

सिटी पोर्शन रोड कार्य में अनियमितता के आरोप

नगर परिषद उपाध्यक्ष ने एसडीएम को कलेक्टर के नाम जांच की रखी मांग



नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 05 अगस्त. निर्माणाधीन सिटी पोर्शन रोड पर कार्य में बरती जा रही लापरवाही को लेकर नगर परिषद उपाध्यक्ष शीतल विजय शर्मा बंटी ने एसडीएम को कलेक्टर के नाम पत्र सौंपते हुए इसकी जांच कर सुधार की मांग की ह.

पत्र में कहा है कि पीडब्ल्यूडी, विद्युत यांत्रिकी विभाग के द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है. नगर में पिछले दो वर्ष से 50 करोड़ की लागत से सिटी पोर्शन रोड का कार्य निर्माणाधीन है.

पीडब्ल्यूडी, विद्युत यांत्रिकी विभाग द्वारा पोल शिफ्टिंग एवं ट्रांसफार्मर लगाने, केबल बिछाने आदि कार्य किया जा रहा जिसमें विभिन्न प्रकार की अनियमिताओं एवं लापहरवाही सामने आ रही है. नगर परिषद उपाध्यक्ष ने एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा. जिसमें कहा गया कि गायत्री कालोनी में मैंन रोड पर नई सप्लाई केबल नहीं लगाई, मुख्य रोड पर दोनों साइड स्ट्रीट लाइट की केबल का प्रावधान नहीं है, मानक स्तर की केबल ओर ट्रांसफर नहीं लगाने के साथ ही मेन रोड पर कई जगह गायत्री कालोनी से जीरापुर नाके तक फील्ड ग्राउंड साइड से स्कूल तक डिवाइडर एवं साइड में पोल नहीं लगाए, तार रोड पर झूल रहे है, पोल लगाने में गुणवत्ता को ध्यान में नहीं रखा गया आदि अनियमितताएं सामने आई है. एसडीएम द्वारा अधिकारियों से जांचकर शीघ्र प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश दिया है.

बालिका छात्रावास में किया पौधारोपण

सारंगपुर 05 अगस्त, सं. शहर की बालिका छात्रावास में मॉडल स्कूल की प्राचार्या सुश्री बबीता मिश्रा के द्वारा वृक्षारोपण किया गया. एक पेड़ मां के नाम की श्रृंखला में बालिका छात्रावास में निरंतर वृक्षारोपण किया जा रहा है जिससे कि वहां का वातावरण शुद्ध हो. ऑक्सीजन में वृद्धि एवं विकास हो और इसमें बालिकाओं की रुचि जागृत हो सके. इस दौरान छात्रावास आधीक्षिका श्रीमती रजनी व्यास सहित छात्रावास की बालिका उपस्थित थी.

परेशानी राखी पर्व पर बाजार में बढ़ेगी खरीददारी, मेन मार्केट वाहन, ठेले एवं अतिक्रमण से पटा

त्यौहारों के बीच बाजार में हावी अव्यवस्थाओं से परेशानी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/राजगढ़ 05 अगस्त,. राखी पर्व को लेकर ग्राहकी में काफी तेजी आवेगी. बाजार में खरीददारी के लिए आने वालों की भीड़ रहेगी किंतु बाजार में व्याप्त अव्यवस्थाओं के हालात यहां आने वाले ग्राहकों के लिए परेशानी खड़ी कर रहे है.

ठेले, वाहन एवं अतिक्रमण से बाजार पटा है, लोगों का पैदल आना-जाना भी मुश्किल भरा हो रहा है. समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा. ब्यावरा, राजगढ़, पचोर सहित जिले में कई जगह नगर, कस्बो में इसी तरह के हालात निर्मित है.

विदित है कि 9 अगस्त को राखी पर्व है. बाजार में ग्राहको की तादाद बढ़ना शुरु हो गई है. आज और कल से कहीं अधिक भीड़भाड़ बाजार में होगी. परन्तु बाजार में पहुंचकर खरीददारी करना किसी चुनौती से कम नहीं लगता है.

बैठक व्यवस्था हो दुरस्त नगर के मेन मार्केट, पुराना ए.बी.रोड, राजगढ़ रोड आदि जगह पर यदि व्यवस्थित तरीके हाथ ठेले, वाहनों को खड़ा किया जाये तो आवागमन में काफी सुविधा होकर जाम के हालात निर्मित नहीं होंगे. दुकानों के आगे काफी आगे तक सामान रख देने से भी यातायात में काफी बाधा पहुंचती है. विशेषकर मेन मार्केट, पुराना ए.बी.रोड, राजगढ़ रोड पर यह एक बड़ी समस्या है जिसके कारण राहगीरों को परेशानी होने के साथ ही आये दिन जाम लगता है.

वाहन पार्किंग का अभाव नगर में वाहन पार्किंग का भी अभाव है. ऐसी कोई उपयुक्त जगह नहीं है जहां वाहनों को सुरक्षित रुप से खड़ा किया जा सके. नपा द्वारा ऐसी कोई जगह पार्किंग के लिए निर्धारित नहीं की गई है, मजबूरी में वाहनों को यहां-वहां खड़ा करना पड़ता है. वाहनों की सुरक्षा को लेकर भी डर बना रहता है.

पैदल चलना भी मुश्किल

ब्यावरा के मेन मार्केट, सुठालिया रोड, सुभाष चौक, पीपल चौराहा, राजगढ़ रोड सहित पुराना ए.बी.रोड पर त्यौहार के समय काफी भीड़ रहती है . मेन मार्केट में हालात यह रहते है कि पैदल आना-जाना भी काफी कठिन होता है .

पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था, आवागमन को सुचारु बनाए रखने व्यापक प्रबंध किए जाएंगे ताकि राहगीरों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो .

देवनारायण पांडे
प्रभारी, यातायात थाना
ब्यावरा

कपिलेश्वर धाम पहुंची कांवड़ यात्रा

पड़ाना 05 अगस्त, सं. क्षेत्र में अल्प बारिश से चिंतित क्षेत्रीय किसान परिवार एवं अन्य लोगों द्वारा अपने काम धंधे छोड़कर सारंगपुर जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत करौंदी सरपंच मित्र मंडल के तत्वाधान में गांव से जल पात्र कलश लेकर 500 से अधिक महिला एवं पुरुषों का जत्था ढोल धमाके ओम नम: शिवाय जाप के साथ 20 किलोमीटर पैदल कावड़ लेकर सारंगपुर मुख्यालय में स्थित कपिलेश्वर धाम पहुंचा जहां भगवान भोलेनाथ को जल अभिषेक कर गांव एवं क्षेत्र में अच्छी बारिश व सुख समृद्धि की कामना करते हुए पूजा अर्चना की इस दौरान 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले विभिन्न ग्राम पंचायत रामपुरिया खेड़ा मगराना कांकरिया कचरिया के सरपंच सरपंच प्रतिनिधि व ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत व सत्कार किया वही सारंगपुर नगर में विधायक प्रतिनिधि पृथ्वी टेटवाल के नेतृत्व में कावड़ यात्रियों को पुष्प वर्षा के साथ सल्पआहार कराया इस दौरान करौंदी ग्राम पंचायत राकेश परमार शैलेंद्र प्रताप सिंह परमार महेश जाट हनुमत सिंह परमार माखन सिंह राजेश प्रहलाद रोशन रमेश चंद्र धन सिंह ओम प्रकाश हरि ओम सहित महिला पुरुष व बच्चे कावड़ यात्रा में शामिल रहे.